प्रेस नोट संख्या- 34

दिनांक 16.01.2025

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा 02 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 03 अदद मोटरसाइकिल बरामद।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में दिनांक 15.01.2025 को उ0नि0 प्रदीप सिंह थाना गौरीगंज मय हमराह तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान 01 स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम राजेश अग्रहरि पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम खालीसराय कटरालालगंज वार्ड नं0 25 थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 34 वर्ष व दुसरे ने अपना नाम मोहम्मद एजाज पुत्र मोहम्मद अली निवासी पोस्ट आफिस के पीछे कटरालालगंज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष बताया। मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा न सके। ई-चालान एप से चेक करने पर मोटरसाइकिल पर अकिंत नम्बर बोलेरो गाड़ी का था। चेचिस नम्बर डालकर चेक किया गया तो गाड़ी का मूल नम्बर UP 36 C 7519 था।

पूछताछ में दोनों व्यक्तियों ने बताया यह मोरसाइकिल हम दोनों लोगों ने दिनांक 25.12.2024 को थानाक्षेत्र जगदीशपुर से एक किराने की दुकान के पास से चोरी की थी तथा इसका कूटरचित नम्बर तैयार कर चला रहे थे। दोनों अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लेकर आगे पूछताछ की गयी तो अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों के पास चोरी की 02 अन्य मोटरसाइकिल है जिन्हें बरामद करा सकता हूँ। अभियुक्तों की निशानदेही पर गौरीगंज पोस्ट आफिस के पास एक कमरे से चोरी की 02 अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गयी। एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट के संबंध में अभियुक्त मोहम्मद एजाज ने बताया की यह मोटरसाइकिल जायस के पास से सड़क चलते व्यक्ति से 2000रु0- में खरीदी थी तथा इसका चेचिस नम्बर खुरच दिया था, दूसरी मोटरसाइकिल के संबंध में बताया की यह मोटरसाइकिल अगस्त 2024 में अमेठी बाईपास से चोरी किया था। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों को मौके से समय करीब 10:50 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

1. राजेश अग्रहरि पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम खालीसराय कटरालालगंज वार्ड नं0 25 थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 34 वर्ष।
2. मोहम्मद एजाज पुत्र मोहम्मद अली निवासी पोस्ट आफिस के पीछे कटरालालगंज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष।

बरामदगी- (चोरी की कुल 03 अदद मोटरसाइकिल)

1. स्प्लेण्डर UP 36 T 4625 कुट रचित नम्बर (मु0अ0सं0 302/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना जगदीशपुर से संबन्धित)
2. 02 अदद स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाहीः-

- मु0अ0सं0 13/25 धारा 317(2), 317(4), 318(4), 338, 336(3), 340(2), बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 प्रदीप सिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. का0 सुरेन्द्र सरोज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. का0 सत्यम प्रजापति थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

अभियुक्त राजेश अग्रहरि का आपराधिक इतिहास- (HS NO-105A) गैग पंजीकरण संख्या- डी18

1. मु0अ0सं0 98/11 धारा 379, 411 भादवि थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 99/11 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 459/11 धारा 457, 380 भादवि थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
4. मु0अ0सं0 226/21 धारा 380,411 भादवि थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
5. मु0अ0सं0 289/21 धारा 457, 380, 411 भादवि थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
6. मु0अ0सं0 297/21 धारा 41, 411 भादवि थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
7. मु0अ0सं0 195/22 धारा 2/3(1) युपी गैगेंस्टर अधिनियम थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
8. मु0अ0सं0 302/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

अभियुक्त मोहम्मद एजाज का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 148/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 302/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।